an>

Title: Need to take suitable action against the persons/agencies responsible for cutting of trees in illegal manner during the construction of railway line from Goilkera to Manoharpur in Jharkhand.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम)ः मेरे सिंहभूम लोक सभा क्षेतृ अन्तर्गत गोइलकेला से मनोहरपुर तक रेलवे की थर्ड लाईन बन रही है, यह चकृधर डिवीजन में आती है। इस थर्ड लाईन के बनने के कृम में इस लाईन पर लगी हजारों कीमती लकड़ियां जैसे साल, शीशम, वीजा एवं सागवान बिना अनुमति लिये काट दी गई। नियम के अनुसार पहले अनुमति लेनी चाहिए थी और उसके बाद लकड़ियों को जमा किया जाना, उसके बाद उसकी नीलामी की जानी चाहिए थी। परन्तु दुर्भाग्य से ऐसा नहीं किया गया। ये कीमती लकड़ियां बिना अनुमति के धड़ल्ले से काट दी गई और गायब कर दी गई। इसमें रेलवे के उच्च अधिकारियों की मिली भगत है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि जिस ठेकेदार ने थर्ड लाईन बनाने का ठेका लिया है उसके खिलाफ राष्ट्रीय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने और बिना अनुमति लिये कीमती पेड़ों को काटने के आरोप में कठोर कानूनी कार्यवाही की जाए।